# हितधारक संबंध समिति की कार्य शर्तें

हितधारक संबंध समिति की भूमिका में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित भी शामिल रहेंगे:

(1) सूचीबद्ध इकाई के प्रतिभूति धारकों की शिकायतें जिनमें शेयरों/डिबेंचरों के हस्तांतरण/संचरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होना, घोषित लाभांश/ब्याज प्राप्त न होना, नया/डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी होना, आम बैठकों आदि से संबंधित शिकायतें भी शामिल हैं, का निवारण करना ।

(2) शेयरधारकों/डिबेंचर धारक द्वारा मत अधिकारों के प्रभावी प्रयोग के लिए किए गए उपायों की समीक्षा करना।

(3) रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं के बारे में सूचीबद्ध इकाई द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के अनुपालन की समीक्षा करना ।

(4) सूचीबद्ध इकाई द्वारा किए गए विभिन्न उपायों और पहलों जैसे कंपनी के शेयरधारकों द्वारा दावा न किए गए लाभांश की मात्रा कम करना, लाभांश/वार्षिक रिपोर्ट/वैधानिक नोटिस की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करना आदि की समीक्षा करना।

(5) कंपनी के डिबेंचर धारकों को ब्याज का समय पर भुगतान/वार्षिक रिपोर्ट/वैधानिक नोटिस की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए सूचीबद्ध इकाई द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों और पहलों की समीक्षा करना।

(6) कंपनी के बांड/डिबेंचर का मोचन समय पर सुनिश्चित करने के लिए सूचीबद्ध इकाई द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों की समीक्षा करना ।

(7) कंपनी अधिनियम 2013, सेबी (एलओडीआर) के प्रावधानों और डीपीई द्वारा जारी कॉर्पोरेट सुशासन दिशानिर्देश के अनुसार आवश्यक कोई अन्य कार्य करना।